


# प्रगति प्रतिवेदन




संगिनी

APRIL 17, 2024

संगिनी भोपाल

;;

# शक्ति कैफे

# घरेलू हिंसा से संघर्षरत महिलाओं की उद्यमशीलता की दिशा में पहल

**प्रगति प्रतिवेदन**

**प्रस्तावना:** महिलाओं पर हो रही घरेलू हिंसा सामाजिक व्यवस्था के लिए एक शाप की तरह है। इससे न केवल समाज वरन राष्ट्र का विकास भी नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है। जिसकी कीमत  वर्तमान पीढ़ी को चुकानी पडती है। यह हिंसा एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति पर हमले के रूप में शुरू होता है, वह भविष्य में परिवार और समुदाय तक फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि 15% से 71% के बीच महिलाओं को कभी किसी अंतरंग साथी द्वारा शारीरिक या यौन हिंसा या दोनों का अनुभव हुआ है।
घरेलु हिंसा के प्रति प्रभावी कदम उठाने के लिए एक साथ कई क्षेत्रों में हस्तक्षेप किए जाने की जरूरत है। जिसमें दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं की तत्काल व्यावहारिक जरूरतों को पुरा करने के प्रयास करना; दीर्घकालिक फालोअप कार्रवाई और उनको वैघानिक सहयोग तथा आर्थिक सहायता प्रदान करना; और उन सांस्कृतिक मानदंडों, दृष्टिकोणों और कानूनी प्रावधानों को बदलने पर ध्यान केंद्रित करना जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा की स्वीकृति को बढ़ावा देते हैं।

**पहलः**

शक्ति कैफे की पहल महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और उनके सामने आने वाली बहुमुखी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास है। इसका उददेश्य रणनीतिक साझेदारियों, सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज बनाना है।

शक्ति कैफे भोपाल के प्रमुख पुलिस स्टेशनों के पास स्थापित छोटी कॉफी शॉप इकाइयों की एक संगठित श्रृंखला है। जिसकी परिकल्पना पुलिस विभाग द्वारा की गई ,यह कैफे भारतीय स्टेट बैंक के मुद्रा ऋण द्वारा वित्त पोषित पुलिस और संगिनी संस्थान द्वारा समर्थित ऊर्जा हेल्प डेस्क की शक्ति समिति के दायरे में बहु-एजेंसी साझेदारी द्वारा सहायता प्राप्त घरेलू हिंसा सर्ववाइवर महिलाओं द्वारा चलाया जाता है।

**वैचारिक ढांचा**

1. शक्ति कैफे श्रृंखला चलाने की एक सामाजिक उद्यमिता पहल जो पुलिस, सामुदायिक सेवा प्रदाताओं और बैंकों के शुरुआती सहयोग के बाद ग्राहक सफलता प्राप्त करके आर्थिक मामले में आत्मनिर्भर है।

2. कॉफी शॉप जिसे प्रतीकात्मक रूप से शक्ति कैफे कहा जाता है, ने अपने जीवन में सभी बाधाओं का सामना करने वाली संर्घषशील महिलाओं के लिए सफलता की ब्रांड पहचान हासिल की है।

3. एक समग्र न्याय की पहल जो महिलाओं या हाशिए की पृष्ठभूमि वाली महिलाओं में विश्वास पैदा करता है कि वे अपने दम सम्मान पूर्वक जीवित रह सकती हैं।

**प्रयास व उपलब्धियॉ :**

शक्ति कैफे सामुदायिक पुलिस योजना अंतर्गत पुलिस स्टेट बैंक और सामाजिक संस्थान का एक साझा प्रयास है जिसके तहत घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं को भोपाल के प्रमुख पुलिस स्टेशन के पास छोटी कॉफी शॉप के रूप में तैयार किया गया है । यह प्रयास हिंसा पीड़ित महिलाओं को सशक्त कर एक अधिक न्याय संगत और समावेशी समाज बनाना है संगिनी द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन हेतु किए गए प्रयास निम्नानुसार हैं-

सर्वप्रथम भोपाल शहर में प्रलिस विभाग के थाना क्षेत्र में बनी स्थानीय शक्ति समिति व स्थानीय सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समुदाय में घरेलु हिंसा सर्ववाइवर महिलाओं को चिन्हित किया गया जो इस प्रकार के पहल में खुद की भूमिका निभाने के लिए तैयार हों। इस प्रकार संगिनी ने 33 महिलाओं को चिन्हित किया।
तत्पश्चात चिन्हित महिलाओं के दस्तावेज के आधार पर उनकी प्राथमिक जानकारी जैसे उनकी शिक्षा, उनकी जाति, उनके समग्र आईडी, उनके परिवार के बारे में जानकारी एकत्र की गई। कैफे संचालन में आवश्यक आर्थिक सहयोग बैंक को करना था अत: महिलाओं की प्राथमिक जानकारी बैंक के साथ साझा की गई। बैंक की आवश्यकतानुसार महिलाओं के पैन कार्ड बनवाए गए पैन कार्ड बनने के पश्चात महिलाओं का सिविल स्कोर चेक किया गया जिसमें पता चला कि चिन्हित महिलाओं में से कई महिलाएं पूर्व में ही बैंकों से लोन ले चुकी थी और उसको

किसी न किसी कारणवश नहीं चुका पाई थी। उनके आर्थिक सहयोग के आवेदन को बैंक की ओर से रिजेक्ट कर दिया गया। तत्पश्चात हमने नए सिरे से महिलाओं को चिन्हित करने के लिए समुदाय में लोगों से पुन: संपर्क किया और अंतत: 20 महिलाएं बैंक द्वारा उनके मानदण्डों के आधार पर चयनित की गई।

इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं के दस्तावेज एकत्र करने, उनमें जो कमी थी उसे पूरा कराने तथा बैंक के साथ सम्पर्क कर उनके मानदण्डों के आधार पर आवेदन की प्रक्रिया में संगिनी ने महिलाओं की हर स्तर पर मदद की। इसमें महिलाओं को स्टांप पेपर तैयार करवाना, उनके बैंक में खाते खुलवाने में मदद करना, बैंक में ले जाकर दस्तावेजीकरण प्रक्रिया को पूरा करवाना, होम विजिट करना तथा एन एल यू एम ( नेशनल लाईवलीहुड मिशन) में पंजीयन करना आदि शामिल था। इस प्रकार कैफे संचालन हेतु 20 महिलाओं का औपचारिक जुडाव बैंक के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

**कैफे हेतु स्थान का चयन एवं आधारभूत ढांचा के लिए वेंडर के साथ समन्वय**

संगिनी द्वारा महिलाओं के साथ प्रत्येक थाना क्षेत्र में कैफे हेतु जगह सुनिश्चित करने का काम किया गया। जिसमें प्रथम चरण में संगिनी ने स्वयं उस जगह का विजिट किया। संबंधित थाना प्रभारी तथा ऊर्जा डेस्क प्रभारी से संपर्क कर कैफे हेतु स्थान का चिन्हांकन किया गया। अगले चरण में पुलिस विभाग द्वारा नामांकित अधिकारी के साथ पुन: संबंधित थाने के साथ संपर्क कर कैफे हेतु स्थान को सुनिश्चित किया गया।

स्थान चयन के साथ कैफे के लिए ढांचा विकसित किया जाना था। इसके लिए डिजाइन तैयार कर एसे बनाने हेतु वेंडर से सम्पर्क किया गया । इस कार्य में एक वेंडर के डिजाइन को फाइनल कर 18 थानों में एकरूपता के साथ कैफे का ढांचा तैयार कराया गया जिसमें सामने की तरफ बडी खिडकी बनाई गई जिससे ग्रहको को सामान देने में सुविधा हो, साथ ही महिला के बैठने के लिए भी उचित स्थान की व्यवस्था इस ढांचे में की गई।

**बैंक, महिला और वेंडर के साथ समन्वय**

इस पुरी प्रकिया में सहयोगी बैंक सीधा महिलाओं को भुगतान नहीं कर रहा था अतः संगिनी द्वारा वेंडर का चुनाव करने के पश्चात पहले कैफे का मॉडल गोविंदपुर थाना में बनाकर स्थापित किया गया। उसको देखने के पश्चात सभी महिलाओं की अनुमति लेकर बैंक से वेंडर को 50% भुगतान करने के लिए कहा गया। तत्पश्चात वेंडर द्वारा सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत कैफे का

निर्माण किया गया। निर्माण पूरा होने के पश्चात महिलाओं से कार्य संतुष्टि का पुनः पत्र प्राप्त किए गए। जिसके आधार पर वेंडर को शेष 50% की धनराशि बैंक द्वारा प्रदान की गई। 27 दिसंबर 2023 को कमिश्नर कार्यालय भोपाल में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों जिसमें पुलिस कमिश्नर श्री हरी नारायण चारी मिश्रा जी डी सी पी प्रजापति डीआईजी श्री विनीत कपूर जी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के महाप्रबंधक विकास मिश्रा जी द्वारा 18 महिलाओं को शक्ति कैसे संचालन हेतु मुद्रा लोन के तहत अप्रूवल लेटर प्रदान किए गए।

**कैफे का संचालन**

वर्तमान में 18 में से 17 थाना क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा कैफे का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है एक थाना क्षेत्र में कैफे का स्थान परिवर्तित किया गया है इस कारण वहॉ आरम्भ नहीं हो पाया लेकिन जल्द ही वहॉ भी कैफे का संचालन शुरू हो पाएगा। इस पुरी प्रकिया में संगिनी द्वारा महिलाओं को कैफे की शुरूआत करने में बर्तन, गैस, यूनिफार्म आदि आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

**आगे की तैयारी व सशक्तिकरण**

संगिनी द्वारा आरम्भ में चिन्हित 33 महिलाओं को मध्यप्रदेश इन्स्टटयुट ऑव हास्पीटलिटी ट्वेल एण्ड टूरिज्म स्टडीज भोपाल (एम पी एच आई टी टी एस) द्वारा 20 दिन की कुकिंग की ट्रेनिंग प्रदान की गई जिसमे महिलाओं ने विभिन्न तरह के व्यंजन बनाना सीखा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का इन्टीटयूट द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया । इससे उनके कैफे संचालन के कार्य के काफी मदद मिली।

शक्ति कैफे की महिलाओ को न सिर्फ कैफे चलाने के लिए तैयार किया गया बल्कि इनके सम्पूर्ण सशक्तिकरण के लिए भी इस योजना में कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत लगातार इन महिलाओं के साथ मासिक बैठकों का आयोजन किया गया एवम उनको महिला अधिकारों मथा सुरक्षा से जुडे कानून की जानकारी देने के साथ साथ महिला थाना, डायल 100 का भी विजित कराया गया।

इस प्रकार कैफे संचालन से जुडी घरेलु हिंसा सर्वाइवर महिलाए न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है वरन उनमें आत्मविस्वास भी आया है कि वे समाज में स्वयं के बल पर अपना वजुद कायम रख सकती है और सम्मान से जी सकती हैं। भविष्य में इस प्रकार के पहल से और भी महिलाओं को जुडने के लिए वे एक प्रेरणा स्त्रोंत भी हैं।

## कैफे संचालन में संलग्न महिलाओं की सूची

| Tentative candidates for Loan of Tea Stall at Various Police station across Bhopal | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | Candidate Name | Police Station | Mobile no. | Loan Amount |
| 1 | JAY SHREE SHIRTURE | KAMLA NAGAR | 9179748040 | 100000 |
| 2 | BHAGWATI | PIPLANI | 9589457418 | 100000 |
| 3 | ANITA SULTANE | HABIBGANJ | 8349304084 | 100000 |
| 4 | LAXMI SAHU | T T NAGAR THANA | 9713075018 | 100000 |
| 5 | ARCHANA SAHU | CHUNA BHATTI | 8818986466 | 100000 |
| 6 | VIMLA AHIRWAR | KOLAR THANA | 8878722937 | 100000 |
| 7 | POOJA MEENA | ANAND NAGAR | 9109097513 | 100000 |
| 8 | MANORAMA PATEL | NISHANTPURA THANA | 7987585031 | 100000 |
| 9 | PINKI KALE | GOVINDPURA | 9630133966 | 100000 |
| 10 | NISHA BODH | CHOLA THANA | 6260874083 | 100000 |
| 11 | MEENA BHATT | ARERA HILLS THANA | 9131874736 | 100000 |
| 12 | MANJU SEN | RATI BAD THANA | 6266035868 | 100000 |
| 13 | VARSHA SARATHE | KOTWALI | 9981164993 | 100000 |
| 14 | AMLAWATI | BAGSEWANIYA | 6264959098 | 100000 |
| 15 | KIRAN VISHVKARMA | ASHOKA GARDEN | 9329184841 | 100000 |
| 16 | POOJA SILAWAT | SHAHPURA | 8519027588 | 100000 |
| 17 | TARA AHIRWAR | MISROD | 9424623087 | 100000 |
| 18 | GANGA BAI | | 9893034934 | 100000 |
| 19 | RADHA SAHU | MANGALWARA | 8349587425 | 100000 |
| 20 | JYOTI PURABIYA | BAIRAGARH | 7049258333 | 100000 |

**कुछ छायाचित्र**





VIOLENCE SURVIVORS WOMEN'S ENTERPRISES
शक्ति कैफ़े


2024.04.16 15:54


VIOLENCE SURVIVORS WOMEN'S ENTE
शक्ति कैफ़े
चूना भट्टी
थाना कैंटीन
सुरक्षा से स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम
सामुदायिक पुलिस न्याय सुलभता महिला सुरक्षा योजना
2024-4-16 12:14





VIOLENCE SURVIVORS WOMEN'S ENTER
शक्ति कैफे




VIOLENCE SURVIVORS WOMEN'S ENTERPRISES
शक्ति


शक्ति
कैफे


VIOLENCE SURVIVORS WOMEN'S ENTERPRISES
शक्ति




महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना
20.12.2023 से 09.01.2024
कुकिंग ट्रेनिंग
जिला भोपाल


फूड व्यवसाय उद्यमियों हेतु
क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम


गौरवी (सखी)
वन स्टॉप सेंटर
181


कार्यालय पुलिस कमिश्नर
COMMISSIONER
MADHYA PRADESH POLICE